# न्यायालय, अनुमंडल पदाधिकारी–सह–नीलाम पत्र पदाधिकारी,दुमका

**सी0सी0 नं0–20 / 13–14**

**कृषि परियोजना निदेशक (आत्मा), दुमका।**

**बनाम**

**श्री शबन गुड़िया, तत्कालीन परियोजना निदेशक, दुमका, वर्तमान–जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा, जिला–जामताड़ा।**

| आदेश की कम सं0 और तारीख | आदेश फलक | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी के साथ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 28/1/25 | **आदेश**<br>यह नीलाम पत्र वाद कृषि परियोजना निदेशक, आत्मा, दुमका के द्वारा श्री शबन गुडिया (देनदार) तत्कालीन परियोजना निदेशक(आत्मा), दुमका के विरूद्ध कुल–1361282.00 (तेरह लाख इकसठ हजार दो सौ बयासी) रू0 की वसूली हेतु अधियाचना पत्र दाखिल किया गया है। जिसे दिनांक– 08.06.2013 को तत्कालीन नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा पंजीकृत कर लोक मांग अधिनियम के तहत् कुल–1361282.00 (तेरह लाख इकसठ हजार दो सौ बयासी) रू0 की वसूली हेतु अधिनियम की धारा–7 का नोटिस किया गया।<br>विषयगत नीलाम पत्र वाद में देनदार को बार–बार नोटिस करने के बावजूद सुनवाई हेतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, न ही उनके तरफ से प्रतिनिधित्व किया गया। अधियाची पदाधिकारी के द्वारा उनके पत्रांक–279 दिनांक–28.12.2024 के द्वारा सूचित किया गया है कि श्री शबन गुडिया (देनदार), जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा के पद से सेवानिवृत हुए हैं। जिला कृषि कार्यालय, जामताड़ा के द्वारा देनदार का आधार कार्ड अधियाची पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया है जो पत्र के साथ संलग्न हैं। आधार कार्ड में न्यू बाबूपाड़ा, दुमका का पता दर्ज है। अधियाची पदाधिकारी को सूना।<br>अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर ज्ञात होता है कि देनदार जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा के पद से सेवानिवृत हुए हैं।<br>अतः जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा को अधियाचित राशि कुल–1361282.00 (तेरह लाख इकसठ हजार दो सौ बयासी) रू0 वसूल कर अधियाची पदाधिकारी कृषि परियोजना निदेशक (आत्मा), दुमका से सम्पर्क कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। इस आशय की सूचना सभी पक्षकारों को दें। तत्काल वाद की कार्यवाही अगले आदेश तक स्थगित रखें।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>अनुमंडल पदाधिकारी–सह–नीलाम पत्र पदाधिकारी, दुमका।<br>अनुमंडल पदाधिकारी–सह–नीलाम पत्र पदाधिकारी, दुमका। | डी0वी0 12 10/1/25 |

Digitally signed by localhost
Date: 2025.06.04 12:53:26+05:30
Location: 192.168.29.81